an>

Title: Regarding alleged involvement of Pakistan in terrorism related activities in India.

श्री आर.के.सिंह (आरा) : मैडम, अभी कश्मीर में एक आतंकवादी जिन्दा पकड़ा गया है। यह हम लोगों के लिए एक बहुत अच्छी बात है। जब उसका इंटेरोगेशन हुआ, तो पता चला कि वह पाकिस्तान के रायविन्द का रहने वाला है, पाकिस्तानी है। उसको प्रशिक्षण दिया गया, हथियारों से लैस किया गया और उसको वहाँ की सेना की मदद से कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के लिए भेजा गया।

इसके पहले भी जो आतंकवादी जिन्दा पकड़े गये थे, जिन्होंने सीआरपीएफ के बस पर हमला किया था, वे भी पाकिस्तानी थे। पाकिस्तान अपने लोगों को आतंकवाद का प्रशिक्षण देकर यहाँ भेजा रहा है और इसमें वहाँ की सेना involved है।

मुझे सरकार से दो बातें कहनी हैं। एक बात यह है कि यह स्पÂष्ट है कि पाकिस्तान की सेना आतंकवाद में involved है, इसलिए पाकिस्तान से वार्ता करने का कोई तुक नहीं है। हम लोगों ने वार्ता करने का प्रयास किया, उसके बदले में पठानकोट में आतंकवादी हमला हुआ और कश्मीर में आतंकवाद बढ़ा है। हम लोग जब तक आतंकवादियों के हमले का प्रतिकार नहीं करेंगे, तब तक यह आतंकवाद चलता रहेगा। इसको रोकने का एक ही तरीका है कि हम लोग इसका प्रतिकार कैसे करें, इसका रास्ता ढूंढें और पाकिस्तान को हिट-बैक करें।

माननीय अध्यक्ष : सर्वश्री भैंरो प्रसाद मिश्र, जगदम्बिका पाल, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री आर.के. सिंह द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।